

एक नजर में

### सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने रंगेहाथ दबोचा

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को सट्टा खिलाते एक युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति अवैध सट्टे का कारोबार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दूर से ही पुलिस ने आरोपी को मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में लोगों से सट्टा पर्चे काटते देखा। पुलिस को आता देख वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कमलकिशोर उर्फ देव कुशवाह निवासी लूशन का बगीचा, कैंट रोड गुना बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा अंक लिखी सात पर्चियां, एक लीड पेन और 6050 रुपये नकद बरामद हुए। सट्टा चलाने का लाइसेंस मांगा गया तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके पर ही माल जब्त कर पंचनामा तैयार किया और आरोपी को धारा 35(क) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### रंजिश को लेकर महिला से मारपीट

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। फरियादिया सुखजिंदर कौर, निवासी आयकर भवन के सामने, ने पति के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि 18 नवंबर को शाम करीब 4 बजे उसके पति मनविंदर सिंह उर्फ गौरव के चाचा सुखतेज सिंह और राजवीर सिंह घर में घुस आए। राजवीर ने पुरानी रंजिश के कारण उसे चांटा मार दिया और दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सुखतेज सिंह ने उसे लात मारी। इसी दौरान शिबी लांबा भी आ गया और उसने भी गालियां देना शुरू कर दिया। महिला की चीख सुनकर अभिषेक कुशवाह और संग्राम सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने पति को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पारिवारिक विवाद समझकर तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी, लेकिन अब कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिलाई प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**गुना।** उषा इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा संचालित ऊषा सिलाई स्कूल के तहत स्थानीय जन शिक्षण संस्थान में महिलाओं के लिए सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सिलाई डिप्लोमा कर रही महिलाओं को उषा की आधुनिक मशीनों के माध्यम से उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## विजयपुर गैल प्लांट पार्किंग में खड़े खाली गैस टैंकर में लगी भीषण आग, टला बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले के विजयपुर स्थित गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गैल) के प्लांट की पार्किंग में शनिवार सुबह एक गैस टैंकर में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि जिस टैंकर में आग लगी थी, वह पूरी तरह से खाली था, जिससे एक बड़ा और विनाशकारी हादसा टल गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। गैल का विजयपुर प्लांट गैस सप्लाई का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, और इस वजह से प्लांट की पार्किंग में बड़ी संख्या में गैस टैंकर खड़े रहते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह पार्किंग में खड़े एक टैंकर में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों के भीतर, आग ने पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें से आग की ऊंची लपटें



उठने लगीं, जिससे पार्किंग एरिया में हडकंप मच गया।

वहां मौजूद अन्य टैंकर चालकों और कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना प्लांट प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही, गैल की अपनी फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रबंधन के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

बड़ा हादसा टला

प्रारंभिक जाँच में आग लगने का कारण टैंकर के अगले हिस्से से निकली चिंगारी को माना जा रहा है, जिसने देखते ही देखते पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया। विजयपुर थाना प्रभारी रितुराज सिंह ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्किंग क्षेत्र में खड़े एक टैंकर में आग लगी थी, जिसे फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई कर बुझा दिया।।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टैंकर खाली होने के कारण किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। यदि टैंकर गैस से भरा होता, तो यह एक अत्यंत गंभीर और बड़ा हादसा साबित हो सकता था। प्लांट प्रबंधन ने इस घटना की जाँच शुरू कर दी है कि पार्किंग में खड़े टैंकर में अचानक आग कैसे लगी। इस घटना ने प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था और टैंकरों की नियमित जाँच को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, जिन पर प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।

## जंगली सुअर के हमले में महिला घायल

**परिजनों ने खटिया पर डालकर पहुंचाया अस्पताल**

**क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है सुअरों का आंतक**



**गुना।** जिले के मक्सूदनगढ़ क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है, जहां घायल महिला को घंटों इंतजार के बावजूद एंबुलेंस नहीं मिली। मजबूर होकर परिजनों ने महिला को खटिया पर डालकर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मुलिया बाई पति श्याम बाबू सिलावट जंगल में लकडियां लेने गई थी। इसी दौरान जंगली सूअर ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे। महिला की हालत गंभीर देखते हुए उन्होंने तुरंत 108 एंबुलेंस को कई बार फोन लगाया, लेकिन कॉल करने के बावजूद कोई वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। लगातार इंतजार के बाद भी मदद न मिलने पर परिजनों ने घायल मुलिया बाई को खटिया पर उठाया और पैदल ही मक्सूदनगढ़ के सरकारी अस्पताल की ओर रवाना हुए। लगभग कई घंटे बाद वे किसी तरह अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन चोटें गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल गुना रेफर कर दिया गया।

स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों का कहना है कि 108 सेवा की लापरवाही के कारण घायल महिला को समय पर उपचार नहीं मिल सका। यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती, तो उसे सुरक्षित और तत्काल चिकित्सकीय सहायता मिल सकती थी। घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर स्थितियों को उजागर किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि 108 सेवा की कार्यप्रणाली में सुधार हो और इस तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## ट्रेन से गिरकर घायल हुई महिला को समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने दिया सहारा

नवभारत न्यूज

**गुना।** शाढोरा के पास रेलवे ट्रेक पर मानसिक रूप से अस्वस्थ एक अज्ञात महिला गंभीर अवस्था में मिली, जिसे तुरंत शाढोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया और प्रारंभिक उपचार किया। इस दौरान एक व्यक्ति ने इस आशय की सूचना समाजसेवी प्रमोद भार्गव को दी।

सूचना मिलते ही प्रमोद भार्गव ने शाढोरा थाना प्रभारी से संपर्क किया और रातभर पुलिस ने महिला की देखरेख की। सुबह होते ही प्रमोद भार्गव स्वयं शाढोरा पहुँचकर महिला को, अपना घर आश्रम, शिवपुरी ले आए, जहाँ उसे भर्ती कराया गया है।

महिला के सिर पर गंभीर चोट थी और टांके लगे हुए थे। आश्रम प्रबंधन के अनुसार, उनकी प्राथमिकता महिला का संपूर्ण उपचार कराना है, साथ ही उसके



परिवार का पता लगाकर सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करना है। समाजसेवी प्रमोद भार्गव लंबे समय से निराश्रित बुजुर्गों, मानसिक रूप से बीमार लोगों तथा पीड़ित व्यक्तियों के लिए काम कर रहे हैं। वे अब तक सैकड़ों लोगों को बंधुआ मजदूरी जैसी परिस्थितियों से मुक्त करा चुके हैं।

### 27 को होगा पत्रकार भवन का लोकार्पण

**गुना।** जिले के पत्रकारों के वर्षों के इंतजार की घड़ी अब समाप्त होने जा रही है। जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा ने बताया कि लंबे समय से निर्माणाधीन पत्रकार भवन का लोकार्पण 27 नवंबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शुभ हाथों से किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी पत्रकारों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## लक्ष्मण सिंह बोले : गुलामी की मानसिकता छोड़िए

### समरसता यात्रा लेकर मारकीमऊ पहुंचे पूर्व सांसद, रोजगार और लघु उद्योग की संभावना

नवभारत न्यूज

**गुना। राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की भावना के साथ शनिवार को पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता यात्रा निकाली। यात्रा निहालदेवी माता मंदिर से शुरू होकर ग्राम मारकीमऊ के हाट बाजार तक पहुंची, जिसका समापन एक नुक्कड़ सभा के रूप में हुआ।**

समरसता यात्रा के दौरान मारकी मऊ में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए लक्ष्मण सिंह ने चिंता जताई कि उन्हें जानकारी मिली है कि इस क्षेत्र से 30 से 35 हजार मजदूर काम करने के लिए बाहर जा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं सुना जाता था। पूर्व सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आम नागरिकों को डराने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कंपनी सहित तमाम अधिकारी क्षेत्र की सीधी-साधी जनता को डराकर रखते हैं।



उन्होंने गुलामी की मानसिकता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि नेताओं को हौआ बना रखा है, जबकि नेता आपके ही हैं। इसलिए अपनी बात रखने की जागरूकता आना चाहिए। उन्होंने कहा कि नामों के आगे न जाएं कि महाराजा आ गए, राजा आ गए और छोटे राजा साहब आ गए। प्रजातंत्र में लोगों को बोलने की आजादी है, कोई किसी का गुलाम नहीं है, स्वतंत्र भारत है। गुलामी मानसिकता मन से निकाल दीजिए, जब तक यह मानसिकता नहीं छोड़ेंगे, आपका हाल ऐसे ही रहेगा।

मारकीमऊ के हाट बाजार में लक्ष्मण सिंह ने कपड़ा विक्रेताओं, फल विक्रेताओं और अन्य दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें रोजगार और पलायन रोकने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीण जनों ने मांग की कि उनके जिले में ही लघु उद्योग स्थापित किए जाएँ, ताकि उन्हें काम की तलाश में बाहर न जाना पड़ें। लक्ष्मण सिंह ने स्पष्ट किया कि वे बमोरी में पलायन को रोकने के उपाय तलाशने आए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों को स्थानीय उत्पादों को बमोरी क्षेत्र के हाट बाजारों में बेचने की सलाह दी, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। उन्होंने उत्पादन और बिक्री दोनों स्थानीय स्तर पर होने की वकालत की। समरसता यात्रा के दौरान लक्ष्मण सिंह मारकी मऊ के मुख्य बाजार में एक जूता विक्रेता की दुकान पर पहुंचगे जहां उन्होंने जूते के कारोबार को लेकर चर्चा की। दुकानदार ने बताया कि स्थानीय स्तर पर जूते बनाए जाएं तो 20 से 25 लाख रुपए की लागत से कारखाना खुल सकता है, जिससे लगभग 150 लोगों को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने कुछ अन्य कारोबारियों की दुकानों पर पहुंचकर भी रोजगार की संभावनाएं तलाशीं।

### बोलेरो ने युवक को मारी टक्कर, पैर पर चढ़ा वाहन

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो से टक्कर लगने पर एक युवक घायल हो गया। फरियादी कृष्णा रजक निवासी सकतपुर रोड पुरानी छावनी ने दोस्त सौरभ रजक के साथ थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवक ने बताया कि गत की शाम करीब 6 बजे वह ख्यावदा चौराहा से बोहरा मस्जिद की ओर पैदल जा रहा था। तभी सफेद रंग की बोलेरो कार, जिसका नंबर वह देख नहीं सका, तेज और लापरवाही से चलाते हुए आई और उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन का टायर उसके दाहिने पैर पर चढ़ गया, जिससे उसे चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभाला। घटना के बाद वह उपचार के लिए सरकारी अस्पताल गया और प्राथमिक उपचार के बाद स्वस्थ होने पर रिपोर्ट दर्ज कराने आया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## भाजपा कार्यकर्ता कर रहे बीएलओ का सहयोग

नवभारत न्यूज

**गुना।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनर्निरीक्षण अभियान 2025 के तहत गुना नगर में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाते हुए बीएलओ की सहायता कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार नगर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अभियान की प्रगति का अवलोकन किया। भाजपा नगर मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा ने बताया कि जिलाध्यक्ष सिकरवार ने अटल शक्तिकेंद्र के अंतर्गत वार्ड 9 के मतदान केंद्र क्रमांक 48 पर पहुंचकर बीएलओ विवेक श्रीवास्तव के साथ मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए। उन्होंने बीएलओ से फार्म जमा होने की स्थिति और ऑनलाइन अपडेट की जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि गणना प्रपत्र में अपने परिवार की



सटीक जानकारी भरकर शीघ्र संबंधित बीएलओ को जमा कराएं, ताकि मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण समयबद्ध रूप से पूरा हो सके।

मतदान केंद्र पर जिन मतदाताओं ने गणना पत्रक पूर्ण कर जमा कर दिए, उनका माल्यार्पण कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष एवं शिवपाल परमार, जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, नगर मंडल महामंत्री हरीश उरैया, नीरज जैन, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद जोशी, पार्षद विनोद लोधा, मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा, शक्तिकेंद्र संयोजक जितेंद्र परिहार, सोनू ओझा, गोविंद ओझा, बीएलओ विवेक श्रीवास्तव, मनोज राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कीड़े मारने की दवा की दुर्गंध से महिला की मौत

नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में गेहूं साफ करते समय कीड़े मारने वाली दवा की दुर्गंध के संपर्क में आने से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब महिला जल्दबाजी में संक्रमित गेहूं को साफ कर रही थी और उसे यह अंदाजा नहीं था कि गेहूं में कीटनाशक पाउडर मिला हुआ है। परिजन सुरेश शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी गीता शर्मा घर में रखे गेहूं को साफ कर रही थी। उन्होंने पत्नी को मना भी किया था, लेकिन गीता शर्मा बोलीं कि गेहूं कम ही है, जल्दी साफ कर लेती हूं। इसी दौरान वह कीड़े मारने वाले पाउडर से प्रभावित गेहूं को छानने लगी। जहरीले पाउडर की दुर्गंध नाक और मुंह के संपर्क में आने से उन्हें अचानक चक्कर आया और उल्टी होने लगी। तबीयत बिगडने पर परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए जिला




अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें भर्ती किया गया। इलाज के दौरान देर रात करीब 2 बजे महिला ने दम तोड़ दिया। घटना के समय घर में उनका पति अकेला ही मौजूद था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### टक्कर मारने से हुई थी युवक की मौत, बाइक चालक पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में पिछले महीने हुए सडक़ हादसे में घायल वृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच में स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना तेज और लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने के कारण हुई थी, जिसमें वृद्ध को गंभीर चोटें आईं और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जांच के दौरान घटना स्थल का नक्शा तैयार किया गया।

**बैठक** | वीरांगनाओं ने दिखाई ऑपरेशन सिंदूर की झलकियां, रविवार को होगी विमान की वापसी

## विमानोत्सव : प्रथम दिन रजत रथ में विराजमान होकर निकले श्रीजी

नवभारत न्यूज

**गुना।** सकल दिगंबर जैन समाज के वार्षिक विमानोत्सव प्रथम दिवस निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में बड़े मंदिर जैन मंदिर से प्रारंभ हुए। जो श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर जी से प्रारंभ

8ः30 बजे आसमानी माता चौराहे कांजी हाउस, पंडा जी चौराहे, बताशा गली, निचला बाजार, छोटे मंदिर के सामने, हनुमान गली के सामने, अस्पताल चौराहे, कोतवाली, जयस्तंभ चौराहा, बीजी रोड ओवरब्रिज, सीमंधर जिनालय से होते हुए श्री नसिया जी पहुंचे। इस दौरान रास्ते भर सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति में झूम कर प्रभु की भक्ति की। विमानोत्सव के मौके पर शहरको



दुल्हन की तरह सजाया गया। विमानोत्सव के प्रति लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों ने अपनी भागीदारी की। महिलाओं का श्रुत आराधना महिला मंडल द्वारा विमानोत्सव में वीरागंनाओं की वेशभूष में ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति दी। इसके अलावा महिला जैन मिलन आरोही द्वारो आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज की प्रेरणा से संचालित विभिन्न प्रकल्प पूर्णायु, बालिकाओं का स्कूल प्रतिभास्थली एवं गुना में बनने जा रहे जैन स्कूल की झांकी का प्रदर्शन किया गया। विमान




नसिया जी पहुंचने पर श्री जी का कलश अभिषेक एवं विश्वशांति की भावना से शांतिधारा हुई। इस अवसर पर मंच पर निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज के आशीर्वचन हुए। कार्यक्रम के अंत में समस्त गुना जैन समाज एवं बाहर से अतिथियों का स्नेहभोज भी आयोजित किया पाठशाला परिवार द्वारा शरद पूर्णिमा के दो चंदा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। वहीं रविवार को विमानों की वापिसी होगी। इस दौरान विमान बीजी रोड, जयस्तंभ चौराहा, नईसडक़, पंडाजी चौराहा होते हुए पुनः पाश्र्वनाथ बड़ा जैन मंदिर पहुंचेंगे।

## जोन व्यवस्था से सुधार रहीं सफाई व्यवस्था, निरीक्षण

**गुना।** नगरपालिका परिषद गुना द्वारा शहर के 37 वार्डों को 5 जोन में विभक्त किया गया है। नपा का कहना है कि इससे सफाई व्यवस्था में सुधार हो रहा है। इधर आज प्रातः स्वच्छता व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा शहर के विभिन्न जोन की सफाई का निरीक्षण किया गया। जिसमें बूढ़े बालाजी क्षेत्र,जोन क्रमांक 2 सहित अन्य जगहों का निरीक्षण हुआ। उन्होंने बताया कि निकाय द्वारा पांच-पांच वार्डो के जोन बनाए गए हैं, जिसमें स्वच्छता की निगरानी के लिए जोन प्रभारी एवं सहायकों की नियुक्ति की गई है। जोन की प्रातः कालीन व्यवस्था, जोन प्रभारी एवं सहायकों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे स्वच्छता व्यवस्था में सुधार हो रहा है।

जोन प्रभारियों की बैठक

वहीं स्वच्छता व्यवस्था के



निरीक्षण के पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविंद गुप्ता एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा सभी जोन प्रभारी, सहायकों एवं मेट/दरोगाओं की बैठक ली गई। जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंध करें। खाली प्लाटों में कचरा न डालने दें, नालियों की नियमित सफाई करायें तथा खाली प्लाटों में कचरा डालने वालों एवं प्लाट मालिकों पर जुर्माना तय करें।बैठक के दौरान प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने सभी जौन प्रभारियों को दोपहर में दलेल लगाकर प्रातः काल में शेष छूटी सफाई एवं नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। वहू कचरा वाहन प्रबंध करने वालों को नियमित रूप से कचरा उठाने के हिदायत दी, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था में परिवर्तन एवं सुधार हो सके। सफाई व्यवस्था हेतु उन्होंने नगरपालिका के पार्षदगणों एवं नगरवासियों से सहयोग की अपील की है।